**खबर संक्षेप**

## नरवाई जलाने पर लगेगा 15 हजार रूपए का अर्थदंड

**कटनी।** जिले में फसल अवशेष नरवाई जलाने पर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया हुआ है। इसके बाद भी यदि कोई किसान या व्यक्ति नरवाई में आग लगाते हैं तो नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार क्षतिपूर्ति स्वरूप अर्थदंड का प्रावधान किया गया है।
उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास मनीष मिश्रा ने बताया कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार फसल अवशेषों में आग लगाने वाले के विरूद्ध 2 एकड़ से कम भूमि वाले कृषकों को 2500 रूपये का अर्थदंड प्रति घटना देना होगा। इसी प्रकार 2 एकड़ से अधिक और 5 एकड़ से कम भूमि वाले कृषकों को 5 हजार रूपये का अर्थदंड प्रतिघटना देना होगा। जबकि 5 एकड़ से अधिक भूमि वाले किसानों को नरवाई में आग लगाने की प्रति घटना पर 15 हजार रूपये का अर्थदंड देना होगा। जिले के सभी एसडीएम को नरवाई जलाने संबंधी प्रतिबंधात्मक आदेश का कोटवारों के माध्यम से गांवों में मुनादी कराने के निर्देश दिए हैं।

### बड़वारा थाना अंतर्गत मझगवां में लगातार हो रहे हादसों के चलते लोगों में आक्रोश

# ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, 15 दिन में मांगे पूरी नहीं हुई तो करेंगे चकाजाम





हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नेशनल हाईवे 43 में बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मझगवां में लगातार हो रहे सड़क हादसों में हो रही मौत से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। बीते एक पखवाड़े के भीतर इस क्षेत्र में तीन लोगों की जाने जा चुकी है। प्रशासनिक स्तर पर हादसों को रोकने के लिए कोई ठोस उपाये नहीं किये जा रहे हैं। मझगवां में समाजसेवियों एवं ग्रामीणों द्वारा किये जा रहे प्रदर्शन के दौरान शासन व पुलिस प्रशासन से यह मांग की गई है कि हादसों को रोकने के लिए अविलंब प्रयास किये जाये। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि 15 दिवस के भीतर हमारी मांगे पूरी नहीं की गई तो मजबूरन हम हाईवे में चकाजाम प्रदर्शन करने के लिए बाद्ध होंगे।

### यह की जा रही मांगें

प्रदर्शन कर रहे समाजसेवियों एवं ग्रामीणों ने शासन से मांग की है कि ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर संकेतक लगाये जाएं। हादसों को रोकने के लिए स्पीड ब्रेकर बनवाये जाये साथ ही बड़वारा क्षेत्र में जितने भी दुर्घटना संभावित क्षेत्र हैं वहां संकेतक लगाये जाये जिससे आगामी समय में हादसों के दौरान लोगों को जान नहीं गंवानी पड़े।

### तहसीलदार एवं पुलिस पहुंची

बरही मझगवां तिराहे पर किये जा रहे प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे तहसीलदार एवं पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। प्रदर्शन कर रहे लोगों को शीघ्र ही कार्यवाही किये जाने का आश्वासन दिया गया तब कहीं जाकर प्रदर्शन समाप्त किया गया। बताया जाता है कि करीब 2 घंटे तक प्रदर्शन चलता रहा। हालांकि शांति पूर्ण प्रदर्शन के चलते आवागमन प्रभावित नहीं हुआ।

### एक पखवाड़े में 3 भीषण हादसे

गौरतलब है कि हाईवे 43 में एक पखवाड़े के भीतर तीन भीषण हादसे हुए जिनमें तीन लोगों की मौत हो गई। बीते 25 मार्च को दिन में जहां बाइक सवार दंपत्ति हादसे का शिकार हो गए थे इस हादसे में पति की शरीर दो टुकडे हो गया था। वहीं रात्रि में कार सवार भाई बहन भीषण हादसे का शिकार हुए जिसमें भाई की मौत हो गई।



## बेकार सामग्री से भी बनाई जा सकती है मोहक वस्तुएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम "ऐप को" के अंतर्गत एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना और प्राकृतिक संसाधनों के महत्व को समझाना था। कार्यशाला का संचालन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के कुशल मार्गदर्शन में हुआ, जबकि वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. साधना जैन ने इसके निर्देशन की जिम्मेदारी संभाली। इको क्लब की प्रभारी डॉ. रीना मिश्रा के नेतृत्व में यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती मनीषा कनकने, जो वामा टेक की डायरेक्टर हैं, ने छात्राओं को संबोधित किया और उन्हें पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता के साथ-साथ रचनात्मकता का पाठ पढ़ाया।

श्रीमती मनीषा कनकने ने अपने संबोधन में बताया कि कचरे के उत्पादों, जिन्हें आमतौर पर बेकार समझा जाता है, का उपयोग करके सुंदर और मनमोहक वस्तुएँ बनाई जा सकती हैं। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि इन वस्तुओं का प्रयोग घरों और सार्वजनिक स्थानों की साज-सज्जा में किया जा सकता है। यह न केवल पर्यावरण को स्वच्छ रखने में मदद करता है, बल्कि अपशिष्ट प्रबंधन के लिए एक रचनात्मक और किफायती समाधान भी प्रस्तुत करता है। उनके इस विचार ने छात्राओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया।

कार्यशाला के दौरान छात्राओं ने भी अपनी सक्रिय भागीदारी दिखाई। उन्होंने पोस्टर प्रदर्शनी के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के महत्व को उजागर किया। इन पोस्टरों में प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग और उनके संरक्षण के तरीकों को दर्शाया गया।

**निगम परिषद एवं आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ में दर्ज कराएंगे शिकायत**

## कांग्रेसजनों ने कटनी रिवर फ्रंट के कार्य का लिया जायजा, मिली खामियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वरिष्ठ पार्षद मिथलेश जैन ने कांग्रेस सदस्यों के साथ कटनी रिवर फ्रंट के चल रहे काम के निरीक्षण किया। शनिवार मिथलेश जैन के साथ जिला शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष राजा जगवानी, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमित शुक्ला, जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अंशु मिश्रा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष रमेश सोनी, महाकाल सेवा समिति के अध्यक्ष प्रदीप द्विवेदी, अजय खटीक, शशांक गोलू गुप्ता इत्यादि द्वारा मसुरहा घाट में कटनी रिवर फ्रंट के चल रहे काम का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि टो वाल एवं बीम के बीच में पत्थरों की जो फिलिंग की गई है उसके नीचे कोई भी फिलर मटेरियल नहीं लगाया गया है, बल्कि नदी किनारे की मिट्टी में ही बोल्डर पत्थर रख दिए गए हैं। सामान्य वर्षा काल में नदी का जल भराव क्षेत्र है निर्माण अधीन पाथवे तक रहेगा। उसके कारण पाथवे और पिचिंग क्षेत्र पानी में डूबा रहने से उसका कोई उपयोग नहीं हो पाएगा। वर्षा काल के उपरांत नदी की स्थिति दुर्गंध युक्त पानी के रूप में होती है तत्समय भी रिवर फ्रंट के पाथवे का कोई उपयोग होना संभव नहीं है।

मिथलेश जैन ने जानकारी ली तो यह ज्ञात हुआ है कि नगर निगम कटनी द्वारा अमृत (दो)योजना अंतर्गत राज कंस्ट्रक्शन सतना से कटनी रिवर फ्रंट का निर्माण कराया जा रहा है। इसमें मोहन घाट का निर्माण 75 लाख रुपए और मसुरहा घाट का निर्माण एक करोड़ 8 लाख रुपए की लागत से हो रहा है। श्री जैन ने कहा है कि वे इस मामले को निगम परिषद व शासन के आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ के सामने भी शिकायत के रूप में दर्ज कराएंगे।

## आवासहीनों की प्रतिक्षा सूची में नाम जोड़ने अब 30 अप्रैल तक सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस की सूची अद्यतन करने के लिए आवास प्लस सर्वे के माध्यम से स्थायी प्रतीक्षा सूची में शामिल हितग्राहियों के नाम जोडे जाने के लिए सर्वे कार्य की अवधि बढ़ाई गई है। जिसके अनुसार आवास प्लस सर्वे का कार्य अब 30 अप्रैल तक पूर्ण कराया जा सकेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के संचालक द्वारा जारी पत्र के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा योजना को आगामी पांच वर्ष के लिए मंजूरी प्रदान की गई है। इस संबंध में ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आवास प्लस की सूची को अद्यतन करने के लिए आवास प्लस 2024 सर्वे प्रारंभ किया गया है। जिसके माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में स्थाई प्रतीक्षा सूची में पात्र परिवारों के नाम जोड़ने की कार्यवाही की जा रही है।

ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा आवास प्लस-2024 सर्वे की समय सीमा को एक महीने के लिये बढ़ा कर 30 अप्रैल 2025 की गई है। अतः समस्त जिलों को निर्देशित किया गया है कि उक्त समय-सीमा मे पात्र परिवारों का सर्वे कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करे तथा यह भी सुनिश्चित करे कि सर्वे से कोई भी पंचायत, ग्राम, फलिया, टोला, मजरा आदि न छूटे एवं समस्त पात्र परिवारों का सर्वे सूची में नाम दर्ज हो।

## आयुध निर्माणी संघ 11 को सौंपेगा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आयुध निर्माणी कटनी में राजपत्रित संघ आगामी 11 अप्रैल को अपनी विविध मांगों को लेकर रक्षा सचिव के नाम ज्ञापन सौंपगा। तत्संबंध में गत दिवस एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। देश की सभी 41 आयुध निर्माणियों सहित आयुध निर्माणी कटनी में भी एनपीएस और यूपीएस के विरोध सहित प्रसार भारती मॉडल लागू करने जैसी विभिन्न भागों को लेकर और अराजपत्रित अधिकारियों के कैडर के द्वारा शांतिपूर्ण विरोध कार्यक्रम आरंभ किया गया है । ऑल इंडिया एसोसिएशन आफ नान गैजेटेड एसोसिएशन के आव्हान पर आयोजित यह शांतिपूर्ण विरोध कार्यक्रम आगामी 11 अप्रैल तक देश की सभी 41 आयुध निर्माणियों में चलाया जा रहा है । कार्यक्रम को सी डी आर ए से सम्बद्ध क्लेरिकल एवं सुपरवाइजर संघ का भी समर्थन मिल रहा है ।

आयुध निर्माणी कटनी राजपत्रित संगठन के अध्यक्ष उमाशंकर सिंह सचिव प्रकाश सिंह गौतम ने आयोजित विरोध कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि, आयुध निर्माणी के निगमीकरण की प्रक्रिया के उपरांत प्रायः सभी कर्मचारियों में अपनी सर्विस को लेकर आशंका है अतएव यह शांतिपूर्ण विरोध कार्यक्रम मूलतः इसी मांग को लेकर है, जिसमें प्रसार भारती मॉडल की ही तरह आयुध निर्माणियों के सभी कर्मचारियों को सेवा निवृत्ति तक डेपुटेशन में सरकारी कर्मचारी रहना सुनिश्चित किया जाए। पदाधिकारियों ने कहा कि, उपरोक्त प्रमुख मांगों के अलावा एनपीएस और यूपीएस के स्थान पर सभी कर्मचारियों को ओपीएस (पुरानी पेंशन स्कीम) लागू करने कनिष्ठ कार्य प्रबंधक से ए डब्ल्यू एम में प्रमोशन जे डब्ल्यू एम,एलडीसी,ई एसजी केडर की कुछ श्रेणियों में यथावत स्थितियां,रक्षा संस्थान के सुचारू रूप से संचालन में अत्यंत ही गंभीर हैं और इसे कर्मचारियों,खासकर अराजपत्रित कैडर बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है । कैडर से सम्बद्ध ऐसी ही अन्य कई मांगों को लेकर आगामी 11 अप्रैल को देश की सभी 41 निर्माणियों में अपने महाप्रबंधक अथवा कार्यकारी निदेशक के माध्यम से रक्षा सचिव को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### गिरदावरी में संशोधन एवं दावा-आपत्ति 15 अप्रैल तक

**कटनी।** किसानों के हित में (डिजिटल फसल सर्वेक्षण) गिरदावरी में संशोधन एवं दावा-आपत्ति करने की अवधि 15 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। इससे किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ की बिक्री के लिये कराये गये पंजीयन की जानकारी और गिरदावरी की जानकारी में आ रहे अंतर में सुधार करवा सकेंगे। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की बिक्री के लिये किसानों द्वारा कराये गये पंजीयन में दी गई जानकारी और पटवारी द्वारा की गई गिरदावरी में विभिन्नता होने से आयुक्त खाद्य ने आयुक्त अभिलेख को गिरदावरी में संशोधन, दावा आपत्ति की अवधि 15 अप्रैल तक बढ़ाये जाने का आग्रह किया था।

### शिक्षा विभाग द्वारा लगाया जायेगा बुक बैंक स्टॉल

## साधुराम स्कूल परिसर में कल से लगेगा पुस्तक मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सुभाष चौक स्थित साधुराम स्कूल परिसर में सोमवार 7 अप्रैल से शुरू होने वाले छः दिवसीय पुस्तक, स्टेशनरी व गणवेश मेला आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सोमवार को इस पुस्तक मेले का शुभारंभ होगा। पुस्तक मेला प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक लगेगा। कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने पुस्तक मेला के व्यवस्थित एवं सफल आयोजन के लिए अधिकारियों के कार्य दायित्व तय कर दिये हैं।

शनिवार की शाम को एसडीएम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा, तहसीलदार बीके मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वी पाल सिंह, उपायुक्त नगर निगम पवन कुमार अहिरवार, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक के अलावा बीईओ कटनी तनुश्री जैन और विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक ने मेला परिसर में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मेला परिसर में आवंटित होने वाली दुकाने प्रथम आओ-प्रथम पाओ के तहत आवंटित की जायेगी।



पुस्तक मेला में निजी स्कूलों, पब्लिसर्स तथा बुक सेलर्स के 26 स्टॉल लगाये जायेगें। निजी स्कूलों, पब्लिसर्स तथा कतिपय बुक सेलर्स की मनमानी से अभिभावकों को राहत दिलाने तथा प्रतिस्पर्धी एवं न्यूनतम और वाजिब दर पर छात्रों और अभिभावकों को कॉपी-किताबें, यूनिफार्म और अन्य शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनहित में कलेक्टर श्री यादव द्वारा अभिनव पहल की गई है।

साधुराम स्कूल में आयोजित होने जा रहे पुस्तक मेला में कलेक्टर श्री यादव के निर्देश पर एक नवाचार किया जाकर जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों की शिक्षा एवं पुस्तकों की उपलब्धता हेतु बुक बैंक स्थापित करने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा पृथक स्टॉल लगाया जायेगा। इस बुक बैंक स्टॉल में विद्यार्थी और अभिभावक अपनी पुरानी पुस्तकों को जमा कर सकेंगें। इन पुस्तकों को आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को निःशुल्क प्रदान किया जायेगा।

जिले में 412 अशासकीय शालाओं में दर्ज 84 हजार 97 छात्र और इनके अभिभावक पुस्तक मेला का लाभ उठा सकते हैं। मेले मे स्टेशनरी, गणवेश, कॉपी और पुस्तकें, पालकों, छात्रों और अभिभावकों को उचित मूल्य पर उपलब्ध कराई जायेगी।



## खबर संक्षेप

### जनपद पंचायत स्तर पर प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**कटनी।** जिला रोजगार कार्यालय एवं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से जिले के जनपद पंचायत क्षेत्र एवं शासकीय आईटीआई कटनी में एस.आई.एस अनूपपुर के द्वारा सुरक्षा जवान एवं सुपरवाईजर के पद हेतु प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 7 अप्रैल से 22 अप्रैल तक सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया जायेगा। सोमवार 7 अप्रैल को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, 8 अप्रैल को जनपद पंचायत बडवारा एवं 9 अप्रैल को जनपद पंचायत कटनी में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन होगा। इसी प्रकार 11 अप्रैल को जनपद पंचायत रीठी, 12 अप्रैल को जनपद पंचायत बहोरीबंद, 21 अप्रैल को जनपद पंचायत ढीमरखेडा एवं 22 अप्रैल को प्राचार्य, शासकीय आई०टी०आई कटनी में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन होगा।

### अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर होंगी विविध गतिविधियां

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव नें लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के आयोजन हेतु राज्य शासन द्वारा निर्धारित कैलेण्डर एवं कार्य योजना अनुसार जिले में विविध गतिविधियां आयोजित करनें के निर्देश अधिकारियों को दिए है। कलेक्टर श्री यादव द्वारा जारी आदेशानुसार कार्यक्रम के सुचारू संचालन हेतु जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं उच्च शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा, सांस्कृतिक विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, वन विभाग, कृषि विभाग, तकनीकी एवं कौशल विकास, चिकित्सा शिक्षा विभाग, गृह विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय प्रमुखों को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टर श्री यादव नें सहायक नोडल अधिकारियों को नोडल अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए शासन निर्देशानुसार विविध गतिविधियों का संचालन करते हुए पालन प्रतिवेदन प्रमुख सचिव संस्कृति विभाग को प्रेषित करनें के निर्देश दिए है।

### आमजनों को जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशानुसार विकासखंड कटनी में म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाताओं और छात्र-छात्राओं द्वारा जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु विभिन्न जागरूकता संदेशों का दीवार लेखन कर नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के तहत शुक्रवार को विकासखंड कटनी की ग्राम पंचायत डिठवारा, करहिया, कूड़ो, छहरी, देव डोंगरा, पौंसरा सहित कटनी शहर के विभिन्न वार्डो में आम नागरिकों को जल को सहेजने, जल के प्रति अपनी आवश्यकता और जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दीवारों पर सुंदर सचित्र दीवार लेखन के माध्यम से जल के प्रति ग्रामवासियों को जागरूक किया गया तथा जल का सदुपयोग करें एवं उसे व्यर्थ न जाने दें, जल ही जीवन है तथा जल के बिना जीवन संभव नही है। दीवार लेखन का कार्य के दौरान परामर्शदाता रामानुज पांडेय, छात्र कृष्ण कुमार रजक, अनामिका पांडेय, गायत्री, शनि यादव, अनीता चौधरी खुशबू कोल आदि की सराहनीय भूमिका रही।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 10 मई को

**कटनी।** नालसा के निर्देशानुसार शनिवार 10 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना हैं। इस नेशनल लोक अदालत में नालसा के निर्देशानुसार लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा जाना हैं। इसके लिए नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों के अधिक से अधिक संख्या मे निराकरण हेतु निम्नानुसार कार्यवाही करने संबंधित विभागों के अधिकारियों से आग्रह किया गया है। 10 मई 2025 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों के अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किये जाने एवं लोक अदालत का प्रचार-प्रसार, आवश्यक व्यवस्था तैयारी हेतु सर्वसंबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रसारित करने के लिए कहा गया है।

---

### कई सालों से अधर में लटका है हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों का उन्नयन

# विद्यालयों का उन्नयन नहीं होने और लंबी दूरी के चलते अटक रही बच्चों की तालीम

सरकारी स्कूलों में बेहतर शिक्षा के लिए शासन स्तर पर प्रयास तो किये जा रहे हैं, विभिन्न योजनाओं एवं नवाचारों से छात्राओं को बेहतर माहौल उपलब्ध कराने के दावे किये जा रहे हैं। शैक्षणिक सत्र के दौरान गांवों में जाकर बच्चों को स्कूल भेजने के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया जा रहा है लेकिन खामियों के चलते अध्ययन कार्य में खलल भी उत्पन्न हो रहा है। जिले में कई गांव ऐसे हैं जहां हाई और हायर सेकंडरी स्कूल नहीं हैं, जिससे छात्रों को कई किलोमीटर दूर जाकर पढ़ाई करनी पड़ती है जिससे अक्सर बच्चे बीच में पढ़ाई छोडने को मजबूर हो जाते हैं। खासकर छात्राओं को अधिक परेशानियां का सामना करना होता है। लंबी दूरी के कारण सुरक्षा की दृष्टि से अभिभावक चिंतित रहते हैं।



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

जानकारी के अनुसार जिले में 26 मिडिल स्कूल और 27 हाइस्कूल ऐसे हैं, जिनका उन्नयन लंबे समय से प्रस्तावों की फाइलों में अटका हुआ है। इन स्कूलों को अपग्रेड कर हायर सेकंडरी बनाया जाना था, लेकिन वर्षों से कोई प्रगति नहीं हुई।

#### इन स्कूलों का अटका उन्नयन

जिले में 26 माध्यमिक स्कूल ऐसे हैं जिनको हाइस्कूल बनाने के लिए कई साल से शिक्षा विभाग को पत्र भेजा जा रहा है, लेकिन पात्र न होने की बात कहकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मिडिल स्कूल हथियागढ़, केवलरहा, कूड़ा घनिया, रामपुर, संसारपुर, पथराड़ी पिपरिया, निमास, सुपेली, चरगवां, पौंसरा, राबर्ट लाइन माधवनगर, मड़ई, बरछेंका, करोंदीकलां, गर्ल्स नवीन सुतरी, नवीन बगदरा, परसवारा खुर्द, टीकर, छोटा कनेरा, इटवन, पिपरिया शुक्ल, नवीन बिहरिया, बरहटा, खमरिया, सिंघनपुरी, पाली, महुआ स्कूल शामिल हैं। इनका अबतक उन्नयन नहीं हो पाया।

इसी प्रकार हाइस्कूल से हॉयर सेकंडरी बनाने के लिए 27 स्कूलों का प्रस्ताव भेजा गया है। इसमें हाइस्कूल बकलेहटा, गुड़ेहा, भरतपुर, करहिया, बिचुआ, जुहली, देवरी मवई, झिर्री, गोपालपुर, डोकरिया, विलायतकला, गुलवारा, हीरापुर कौडिया, सिंघनपुरी, जमुआनीकला, खरखरी अमुआरी, रामपाटन, पोड़ी, निगहरा, नन्हवारा सेझा, बडख़ेरा, पठरा, रोहनिया, खलवारा बाजार, खंदवारा, सैलारपुर, खरहटा व कोठी हाइस्कूल शामिल हैं। ये कई वर्षों से उन्नयन का बाट जोह रहे हैं।

#### ये होती है समस्याएं

हाई स्कूल नहीं होने से विद्यार्थियों को लंबी दूरी तय करनी होती है जिससे उनकी पढ़ाई बाधित होती है। सुरक्षा और संसाधनों की कमी के कारण कई अभिभावक बेटियों को दूर भेजने में हिचकिचाते हैं। सुविधाओं की कमी के कारण कई छात्र-छात्राएं बीच में ही पढ़ाई छोड़ देते हैं। मिडिल और हाईस्कलों में शिक्षकों और संसाधनों की कमी के चलते शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है।

---



# 4 लाख की ठगी करने वाली महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

चार लाख रुपए की ठगी करने वाली एक महिला को उमरिया पान पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। महिला पर आरोप है कि उसने पुलिस का भय दिखाकर पीड़ित पक्ष से मोटी रकम ऐंठी और चंपत हो गई थी।

पुलिस के अनुसार आवेदिका भागवती बाई 60 वर्ष ग्राम बनहरी ने 29 जनवरी 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई कि ललिता बाई चौधरी पति भारत चौधरी द्वारा बीडी तेंदूपत्ता के बोनस का लाभ दिलाने हेतु फार्म भरने का कहकर मेरी नातिन रिंकी एवं मेरा फार्म भरवाई थी। बाद में यह कह कर की रिंकी की 18 वर्ष से कम होने के कारण फार्म भरने में पुलिस केस हो गया जिससे बचने की बात बताकर मेरे से 4 लाख रुपये लेकर फरार हो गई। रिपोर्ट पर धारा 420, 406 भादवि. का कायम कर विवेचना में लिया गया।

वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया गया जिस पर पुलिस अधीक्षक अभिजीत रजंन के दिशा निर्देशन, अति.पु.अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस स्लीमनाबाद प्रभात कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में टीम बनाकर अपराध में फरार आरोपिया ललिता बाई चौधरी की तलाश कर उसे गिरफ्तार किया गया और न्यायालय पेश किया गया। न्यायालय द्वारा आरोपिया का जेल वारंट जारी किये जाने से आरोपिया को जिला जेल में दाखिल किया गया।

कार्यवाही मे थाना प्रभारी उप.नि. दिनेश तिवारी, सउनि. गया प्रसाद मंगोरे, कार्य.प्र.आर. अजय तिवारी, आशीष झारिया, अजय सिंह, आर. योगेश पटैल आदि की भूमिका रही।


---

*नवीनीकरण नहीं कराने वाले स्कूलों पर कार्यवाही की तैयारी*

# जिले में 79 निजी स्कूलों की मान्यता खत्म, संचालित मिलने पर होगी तालाबंदी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

मान्यता नवीनीकरण नहीं कराने वाले जिले के 79 निजी विद्यालयों को नोटिस जारी किया गया है। इन स्कूलों की 31 मार्च को मान्यता समाप्त हो चुकी है। यदि अब स्कूल संचालित पाया गया तो तालाबंदी की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि जिले में 1 अप्रैल से नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हो चुका है ऐसे में मान्यता नवीनीकरण नहीं कराने वाले निजी स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों का भविष्य खतरे में पड़ गया है। मान्यता समाप्त होने के पहले नवीनीकरण के लिए आवेदन न करने वाले इन स्कूलों को अब शिक्षा विभाग कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।




जानकारी के अनुसार जिले में 412 प्राइवेट स्कूल संचालित हैं। इन स्कूलों में हजारों की संख्या में बच्चे अध्ययनरत हैं। मान्यता नवीकरण की प्रक्रिया के दौरान सैकड़ों स्कूलों ने आवेदन तो किया, लेकिन कई स्कूल मान्यता संबंधी नियमों पर खरे नहीं उत्तरे। कई बार आवेदनों का अवसर देने के बाद भी जिले के 79 स्कूलों ने नवीनीकरण के लिए आवेदन नहीं किया, जिसके चलते इन स्कूलों की 31 मार्च 2025 को स्वतः मान्यता समाप्त हो गई है।

इन 79 स्कूलों में सैकड़ों की संख्या में बच्चे स अध्ययनरत हैं। प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। तो इन्हीं स्कूलों में पढ़ाई भी शुरू हो चुकी है। मान्यता समाप्त होने की स्थिति में इन स्कूलों के बच्चों का भविष्य खतरे में पड़ जाएगा। कुछ दिनों बाद अन्य निजी स्कूलों में भी प्रवेश प्रक्रिया खत्म हो जाएगी, जिससे मान्यता समाप्त हो चुके स्कूल में पढ़ रहे बच्चे अन्य निजी स्कूल में भी प्रवेश से वंचित हो सकते हैं।

मान्यता नवीनीकरण के लिए जो दस्तावेज आवश्यक थे उनमें स्वयं की समिति अथवा विद्यालय का भवन न होने पर की स्थिति में रजिस्टर्ड किरायानामा। 20 से 40 हजार की एफडी समिति के सचिव व डीपीसी के नाम से। समिति का जीवित पंजीयन। आरटीई के समस्त नियम का पालन अनिवार्य। छात्र संख्या के हिसाब से भवन व शिक्षक। प्राइमरी में 35 बच्चों के बीच एक टीचर। खेल मैदान, लैब, पार्किंग समेत समस्त संसाधन।

---

### विद्यार्थियों को दी गई अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया की जानकारी



शासकीय महाविद्यालय बरही में भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना अग्निवीर भर्ती 2025 के बारे में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन के अंतर्गत प्राचार्य डॉ एस. एस. धुर्वे के नेतृत्व में विधार्थियो क़ो जानकारी दी गई। इस दौरान योजना की जानकारी देते हुए बताया की इस योजना का लाभ विधार्थियो को लेना चाहिए। योजना के बारे में डॉ राकेश दुबे ने बताया की इसका उद्देश्य युवाओं को जागरूक करते हुए देश की सशस्त्र बलों में प्रतिभागिता करना है। विवेकानंद प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ के. के. निगम द्वारा इसमें भर्ती के सभी पहलुओं, उम्र, योग्यता अंतिम तिथि, भर्ती प्रक्रिया की जानकारी विस्तृत रूप में दी गई। इस दौरान महाविद्यालय के डॉ आर. जी. सिंह, डॉ. अरविन्द सिंह, डॉ.के. के. विश्वकर्मा डॉ. मंजुलता साहू. डॉ. रश्मि त्रिपाठी, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. नीलम चतुर्वेदी, डॉ. शिवानी बर्मन, मनीष मिश्रा डॉ रूपा शर्मा, अनीता,सिंह , सोनम पांडेय, सुश्री पुष्पलता विश्वकर्मा, सुश्री संतोषी, कृष्णपाल सिंह, सौरभ सिंह, रावेन्द्र साकेत, कैश मोहम्मद आदि उपस्थित रहे।

---

# प्रभात फेरी एवं रात्रि कालीन सांस्कृतिक आयोजन से दिया जल संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

विकासखंड कटनी के ग्राम हरदुआ में रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं चौपाल का आयोजन किया जाकर प्रदेश शासन द्वारा 30 मार्च से 30 जून तक चलाए जाने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान की विस्तार से जानकारी दी जाकर जल संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया। वहीं नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति हरदुआ के समन्वय से शुक्रवार प्रातः कालीन प्रभात फेरी के माध्यम से प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए स्थानीय कुआं, तालाब, बावड़ी, और नदी में श्रमदान के माध्यम से साफ सफाई और गहरीकरण करने का आह्वान किया।

जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र ने उपस्थित जन समुदाय को 30 जून तक चलाए जाने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान की विस्तार से जानकारी देते हुए साथ ही अधिकतम वर्षा जल बचाने के लिए घर-घर में सोख्ता गड्ढे बनाकर वर्षा जल को जमीन के नीचे पंहुचाने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के के दौरान ग्राम हरदुआ के बस स्टैंड में हैंडपंप के पास बने सोख्ता गड्ढे का अवलोकन करते हुए स्थानीय प्रस्फुटन समिति को श्रमदान के माध्यम से सोख्ता गड्ढे की साफ सफाई करके फिर से उपयोग योग्य बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

विदित हो कि जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान की जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से गांव-गांव में अभियान चलाया जा रहा है जिसके फल स्वरुप इस विशेष अभियान में जन भागीदारी के माध्यम से जल संवर्धन के विभिन्न कार्यक्रम संपादित किए जाने के कारण आम जन मानस में जागरूकता का प्रभाव दिखाई देने लगा है।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम सरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सचिव अनिल गौतम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गीता गौतम, आशा कार्यकर्ता आरती सिंह, गनपत सिंह, फूला बाई, आदर्श सिंह, आयुष सिंह, राजेंद्र सिंह, बलवान सिंह, विकास विश्वकर्मा, सिपाही लाल, किशोरी लाल राय, सी एल राय, शनि यादव, राकेश पाल, हुकुमचंद रजक, आनंद गौतम और नितिन गौतम का सहयोग प्राप्त हुआ।

---

*जल गंगा अभियान के तहत जलस्त्रोतों में की जा रही साफ सफाई*

# पानी का बताया महत्व, बारिश के जल को सहेजने किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर संपूर्ण जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जीर्ण-शीर्ण पेयजल संरचनाओं एवं जल स्त्रोतों के रखरखाव के लिए साफ-सफाई एवं स्वच्छता का कार्य किया जा रहा है। साथ ही प्राचीन कुएं, बावड़ी, छोटी नदियां, तालाब, सरोवर की साफ-सफाई कर उसे पेयजल के लिए पुनर्जीवित करने का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है।



ग्राम तिघरा कला के बुरैना नाला में अधिकतम वर्षा जल को संचित करनें हेतु ग्राम वासियों एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां सीएमसीएल डी पी छात्रों के सहयोग से श्रमदान करते हुए व्याप्त कचरा एवं गाद को निकाला जाकर गहरीकरण का कार्य किया गया। आसपास उगी हुई झाड़ियों की सफाई की गई।

जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा विकासखंड रीठी के सेक्टर क्रमांक 1 बड़गांव के अंतर्गत ग्राम पंचायत तिघरा कला के में नवांकुर संस्था आदर्श नव युवक संस्थान बरजी के समन्वय एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के सहयोग से जल संवर्धन को दृष्टिगत रखते हुए चौपाल का आयोजन किया गया।

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉक्टर तेज सिंह केशवाल ने उपस्थित ग्राम वासियों से चर्चा करते हुए सभी को जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए स्वयं आगे आने हेतु प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि बरसात के पानी को अधिक से अधिक जमीन के अंदर पहुंचाने की दृष्टि से घर -घर में सोख्ता गड्ढा बनाया जाना जरूरी है, जिसके लिए हम सभी प्रयास कर जल संवर्धन के इस पुनीत कार्य में सहभागी बनें जिससे हमारा आने वाला कल सुरक्षित हो सके। विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह ने भी जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे सभी गतिविधियों और कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। जिसमें जन-जागरूकता के लिए दीवार लेखन चौपाल संगोष्ठी रैली और जल स्त्रोतों के श्रमदान से साफ-सफाई विशेष रूप से शामिल हैं। इस कार्यक्रम में परामर्शदाता गोवर्धन रजक,के द्वारा गुणवत्ता की जानकारी दी गई।

---

### हर्षोल्लास से मनाई गई मां कर्मा देवी की 1009 वीं जयंती

# शिक्षा ही वह पूंजी जिससे असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बड़वारा

तेली पिछड़ा वैश्य महासभा ट्रस्ट के नेतृत्व में मां कर्मा देवी की जयंती कार्यक्रम का आयोजन सिद्ध धाम पनसोखर में किया गया। सोनेलाल साहू शासकीय महाविद्यालय जन भागीदारी समिति बड़वारा के अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इससे पूर्व नगर में शोभायात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में माता बहनों की उपस्थिति रही। मां कर्मा की जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। शोभायात्रा के पश्चात मंचीय कार्यक्रम हुआ।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जबलपुर महानगर के पूर्व महापौर प्रभात साहू, बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक टंडन, जिला मंत्री रम्मू साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं कटनी जिला प्रभारी भाजपा संजय साहू, तेली पिछड़ा वैश्य महासभा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकृष्ण शाहवाल, मप्र के अध्यक्ष हरिशंकर साहू, महामंत्री कमलेश नायक, प्रदेश मीडिया प्रभारी लखन साहू, एवं पन्ना जिला अध्यक्ष काशीराम साहू, जबलपुर जिला अध्यक्ष विमलेश साहू, दमोह जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम भाटिया, एड .शिवकरण साहू ,जिला अध्यक्ष उमारिया राजकुमार साहू, लखन साहू, बसंत साहू, ग्राम पंचायत पनसोखर के सरपंच अरविंद साहू, संतोष साहू, रवि साहू, राजेश साहू, फुदाली लाल साहू, एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मात्र शक्ति की उपस्थिति रही।

सभा को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी संजय साहू ने समाज के उत्साह पूर्ण कार्य को देखते हुए विधायक के समक्ष साहू समाज के आगामी कार्यक्रमों को संचालित करने के लिए साहू धर्मशाला या सामुदायिक भवन बनाए जाने की बात कही जिसको विधायक ने बिना देर किए हुए 25 लाख की राशि सार्वजनिक कार्यों के लिए भवन निर्माण की घोषणा की। जल्द ही निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाएगा।

कार्यक्रम को राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकृष्ण शाहवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज के साथियों से आग्रह किया की सभी शिक्षा पर ध्यान दे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा अवश्य दिलाए क्योंकि शिक्षा ही हमारी वह पूंजी हे जिससे हम किसी भी असंभव कार्य को संभव कर सकते हे तो वही प्रदेश अध्यक्ष हरिशंकर साहू ने संबोधित करते हुए समाज को संगठित रहने की बात कही एवं मधुमक्खियों जेसी एकता का उदाहरण देते हुए समाज को नई ऊर्जा दी एवं हर संभव समाज के सदस्यों की मदद की जाएगी ऐसा आश्वासन दिया तो वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभात साहू ने सभा को संबोधित करते हुए समाज के पुराने संगठित और एक साथ सहयोग के कार्यों का बखान करते हुए आने वाले समय में हम ओर भी मजबूती से संगठित होकर नए नए कीर्तिमान स्थापित करें एवं बहुत जल्द हम सब लक्ष्य की ओर गति देते हुए लक्ष्य को प्राप्त करे एवं एक जुटता के साथ समाज के साथियों की मदत और सहयोग की भावना से समाज को सशक्त ओर मजबूत बनाए एवं अंत में जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष गुड्डू साहू ने आए हुए समस्त अतिथि एवं समाज और मां कर्मा के भक्तों का आभार व्यक्त किया।

---

# गांव में मुनादी कर दी जा रही नरवाई नहीं जलाने की सलाह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

जिले के गांवों में किसान भाइयों को मुनादी करके और ढोढ़ी पिटवाकर फसल अवशेष नहीं जलाने की सूचना दी जा रही है। एसडीएम ढीमरखेड़ा विंकी सिंहमारे उइके ने बताया कि ढ़ीमरखेड़ा अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों में कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश से ग्रामीणों और किसान भाइयों को अवगत कराया जा रहा है जिसमें नरवाई जलाने से होने वाले दुष्प्रभावों के मद्देनजर नरवाई नहीं जलाने का आग्रह किया जा रहा है। मुनादी ग्राम पिपरिया, सहलावन, धनगवां, तिघरा, परसेल सहित अन्य गांवों के ग्रामीणों को गेहूँ की फसल अवशेष डंठल को नहीं जलाने का आग्रह किसान भाईयों से किया जा रहा है।

### कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को दी सलाह

**कटनी।** कृषि विज्ञान केन्द्र के कृषि वैज्ञानिकों ने मूंग फसल में कीट नियंत्रण के उपाय के बारे में किसानों को सलाह दी है। कृषि विज्ञान प्रमुख द्वारा बताया कि जिले में कहीं-कहीं मूंग फसल में पत्ती खाने वाले कीट का प्रकोप देखा जा रहा है। उन्होने कीट नियंत्रण के लिये पत्तियों पर छिड़काव के रूप में इमामेक्टिन बेंजोएट 5 प्रतिशत एस.जी.80 ग्राम अथवा प्रोफेनोफोस 50 प्रतिशत ई सी 500 मिली अथवा इंडोक्साकार्ब 14.5 एस. सी. 200 मिली प्रति एकड़ की दर से पावर पंप द्वारा 100 से 125 लीटर अथवा हाथ पंप द्वारा 200 से 250 लीटर पानी में घोल बनाकर सुबह अथवा शाम के समय छिड़काव करने की सलाह दी है।

## खबर संक्षेप

### पवई अनिवार्य रूप से कराए ई-केवाईसी

**पवई।** इन दिनों पूरे प्रदेश सहित जिले में खाद्यान्न पर्ची में दर्ज नाम की केवाईसी का काम किया जा रहा है। पवई के वार्ड क्रमांक 1 से 5 तक के लिए शिव शक्ति स्व सहायता समूह द्वारा संचालित खाद्यान्न वितरण दुकान की विक्रेता के द्वारा सभी खाद्यान्न धारकों से अपील की गई है, कि अपनी अपनी खाद्यान्न पर्ची में दर्ज नाम की केवाईसी अनिवार्य रूप से कराए अन्यथा की स्थिति में जिस सदस्य की भी केवाईसी नहीं होगी उसका खाद्यान्न बंद कर दिया जाएगा,अतः सभी केवाईसी अनिवार्य रूप से कराएं।

### विधायक डॉ राजेश वर्मा स्थापना दिवस के अवसर पर मंडल ककरहटी में होंगे शामिल

**पन्ना।** गुन्नौर विधानसभा के लोकप्रिय विधायक डॉ राजेश वर्मा भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर मंडल ककरहटी के बूथ क्रमांक 146 रानीपुरा (तहसील देवेन्द्रनगर) में दोपहर 12 बजे उपस्थित रहेगें। उन्होने ककरहटी मंडल की जनता एवं मंडल के भाजपा के पदाधिकारियों, शक्ति केन्द्र प्रभारी संयोजक सह संयोजक सभी मोर्चो के अध्यक्ष सभी प्रकोष्ठों के मंडल संयोजकों को सादर आमंत्रित कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### मां के मनोहारी दर्शन करने भक्तों का उमड़ा जनसैलाब

# मां चंडी के आंगन में महाआरती में देखने मिला आस्था का महाकुंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

उपकाशी हटा में विराजी बुंदेलखंड की प्रसिद्ध मां चंडी देवी के मंदिर में चैत्रीय नवरात्रि की अष्टमी शनिवार को मां के आंगन में आस्था का महाकुंभ देखने को मिला। क्षेत्र के कोने-कोने से आए श्रद्धालुओं ने घंटों लाइन में लगकर मां के दर्शन करें। दर्शनों के लिए भक्तों को काफी इंतजार करना पड़ा, लेकिन उनके उत्साह में कोई कमी नहीं आई। इस दौरान मां के जयकारे से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो रहा था। अष्टमी को सुबह से ही भक्तों की भीड़ चंडी



माता मंदिर में लगी रही जो देर रात तक जारी थी, इस दौरान लगभग हजारों भक्तों ने मां के दरबार में अपनी हाजरी लगाई। अष्टमी शनिवार को को अल सुबह मंगला आरती के बाद से ही मां चंडी के दरबार में श्रद्धालु मां के दर्शन के लिए पहुंचने लगे थे। जैसे जैसे समय बीतने लगा वैसे वैसे भक्तों की भीड़ बढ़ती गई। संध्याकाल में माता मंदिर आकर्षक फूलों से सजाया गया वहीं पुजारी पंडित अरुण गोस्वामी द्वारा मां चंडी का सोने चांदी के आभूषणों से अलौकिक श्रृंगार कर विधि विधान के साथ पूजा अर्चन कर राधे राधे मंडल के संयुक्त तत्वाधान में संगीतमय महाआरती की गई। जिस दौरान मंदिर प्रांगण माता के जयकारों से गूंज उठा मैया चंडी के मनोहारी स्वर्ण श्रृंगार रूप की एक झलक पाने को अपार भीड़ में भक्त आतुर दिखाई दे रहे थे जो मातारानी के दर्शन के लिए घंटो तक लाईन में खडे रहकर प्रतिक्षा करते रहे लेकिन उत्साह में कमी नहीं देखने को मिली। महाआरती में नगर व क्षेत्र के गांव गांव-गांव से हजारों की संख्या में भक्तों ने मां के दर्शन कर परिवार की सुख, शांति, समृद्धि तथा मनोकामना पूर्ति हेतु प्रार्थना की। मान्यता है कि मां चंडी के समक्ष सच्चे मन से भक्त जो भी मनोकामना करता है, मातारानी उसे अवश्य ही पूर्ण करती है। आरती के पश्चात माता की भक्तों द्वारा प्रांगण में जगह-जगह स्टार लगाकर फल फ्रूट एवं फलाहारी का प्रसाद वितरण किया जा रहा है।

# बड़ी खेर माई में चल रही श्रीमद् देवी भागवत का आज अंतिम दिवस, कल हवन और विशाल भंडारे के साथ होगा समापन


**तेन्दूखेड़ा।** नगर की बड़ी खेरमाई में चल रहे नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा के आठवें दिन भक्तों का ऐसा सैलाब उमड़ा कि कथा स्थल पांडाल श्रद्धा और भक्ति के रंग में पूरी तरह रंग गया। यह धार्मिक आयोजन, जो पिछले आठ दिनों से लोगों के दिलों को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर रहा है, प्रतिदिन आचार्य पंडित गोपाल शास्त्री द्वारा यजमानों से आवाहित देवी देवताओं का पूजन कराया जा रहा यह अनुष्ठान अब अपने समापन की ओर बढ़ रहा है। आठवें दिन की कथा में मां दुर्गा की अलौकिक शक्ति और उनकी महिमा का ऐसा वर्णन हुआ कि श्रोता भाव-विभोर हो उठे। इस दिन की भीड़ और उत्साह ने साबित कर दिया कि आधुनिक युग में भी लोग अपनी सांस्कृतिक जड़ों और धार्मिक आस्था से गहरे जुड़े हुए हैं।आठवें दिन की कथा में प्रख्यात कथावाचक पंडित रामनयन जी महाराज ने अपनी ओजस्वी वाणी से मां दुर्गा के विभिन्न रूपों और उनकी लीलाओं का ऐसा वर्णन किया कि पंडाल में बैठा हर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गया। इस दिन की शिव सती का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि सती, दक्ष प्रजापति की पुत्री थीं, जो शिव से प्रेम करती थीं। दक्ष, शिव को पसंद नहीं करते थे, क्योंकि शिव का व्यक्तित्व और जीवनशैली उनके विचारों से मेल नहीं खाती थी। फिर भी, सती ने अपने पिता के विरोध के बावजूद शिव से विवाह कर लिया। एक बार दक्ष ने एक विशाल यज्ञ का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने शिव और सती को आमंत्रित नहीं किया। सती को यह अपमान सहन नहीं हुआ और वे बिना शिव की सहमति के यज्ञ में पहुँच गईं। वहाँ दक्ष ने शिव का अपमान किया, जिससे क्रोधित और अपमानित सती ने यज्ञ की अग्नि में आत्मदाह कर लिया।सती की मृत्यु से क्रुद्ध शिव ने अपने गण वीरभद्र को भेजकर दक्ष के यज्ञ को नष्ट कर दिया और दक्ष का सिर काट दिया। बाद में, सती का शरीर लेकर शिव तांडव करते हुए ब्रह्मांड में भटकने लगे। विष्णु ने अपने सुदर्शन चक्र से सती के शरीर को 51 भागों में विभक्त कर दिया, जो पृथ्वी पर शक्तिपीठ के रूप में स्थापित हुए। इसके बाद सती ने पार्वती के रूप में पुनर्जन्म लिया और कठोर तपस्या कर पुनः शिव को अपने पति के रूप में प्राप्त किया। यह कथा भक्ति, प्रेम और त्याग का प्रतीक है। कथा व्यास जी ने बताया कि श्रीमद् देवी भागवत पुराण न केवल मां की महिमा का गुणगान करता है, बल्कि यह भी सिखाता है कि जीवन में आने वाली हर चुनौती को शक्ति और विश्वास से पार किया जा सकता है। उन्होंने कहा, "मां दुर्गा वह शक्ति हैं जो अपने भक्तों के भीतर साहस और संबल का संचार करती हैं। यह कथा सुनने से न केवल मन शांत होता है, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में विजय प्राप्त करने की प्रेरणा मिलती है।" कथा के दौरान जब महिषासुर वध का प्रसंग आया, तो पंडाल में बैठे श्रद्धालुओं ने 'जय माता दी' के जयघोष से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। कथा के बीच-बीच में भक्ति भजनों ने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। आयोजन समिति ने इस आयोजन के लिए कड़ी मेहनत की। पंडाल में बैठने की व्यवस्था के अलावा, पानी, प्रसाद और जलपान की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई थी। समिति के अध्यक्ष राजू नामदेव चंद्रशेखर हजारी,राजेश शर्मा,गोपाल सिंह ठाकुर, संतोष सिंह ठाकुर,कमलेश शर्मा,जितेन्द्र नामदेव,राकेश शर्मा ने कहा, "हमने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए महीनों से तैयारी की थी। आठवें दिन इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आना हमारी मेहनत का फल है। हम मां दुर्गा से प्रार्थना करते हैं कि सभी भक्तों पर उनकी कृपा बरसे। अनुष्ठान के यजमान भूपत यादव,मदन नामदेव ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अतिरिक्त टेंट और लाउडस्पीकर लगाए गए थे, ताकि बड़ी संख्या में भी बैठे लोग भी कथा का आनंद ले सकें। इसके अलावा, स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को संभाला, जिससे कोई असुविधा न हो। अनुष्ठान में वर्णित यजमान भूपत यादव पंचायत सचिव,शोभाराम नामदेव,(मदन भैया)सुधीर पटेरिया,उदयराम राय,बाला साहू,सुदामा साहू,हल्ले भाई यादव,बती बाई लोधी,अयोध्या बाई,कुसुम रानी साहू सभी के द्वारा नवदिवसीय कथा में पूजन अर्चन किया गया।

# शिव-पार्वती विवाह प्रसंग ने किया भाव-विभोर



**बनवार।** हिनौती खेत सिंह स्थित प्रसिद्ध फूलन देवी परिसर में चल रहे श्री शतचंडी महायज्ञ श्रीराम कथा महायज्ञ में तृतीय दिवस की कथा बाल व्यास पंडित ऋषिकांत गर्ग ने शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया। प्रसंग सुन श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। इस दौरान शिव-पार्वती विवाह की झांकी भी सजाई गई। कथा व्यास ने कहा कि पर्वतराज हिमालय की घोर तपस्या के बाद माता जगदंबा प्रकट हुईं और उन्हें बेटी के रूप में उनके घर में अवतरित होने का वरदान दिया। इसके बाद माता पार्वती हिमालय के घर अवतरित हुईं। बेटी के बड़ी होने पर पर्वतराज को उनकी शादी की चिता सताने लगी। कहा कि माता पार्वती बचपन से ही बाबा भोलेनाथ की अनन्य भक्त थीं। एक दिन पर्वतराज के घर महर्षि नारद पधारे और उन्होंने भगवान भोलेनाथ के साथ पार्वती के विवाह का संयोग बताया। उन्होंने कहा कि नंदी पर सवार भोलेनाथ जब भूत-पिशाचों के साथ बरात लेकर पहुंचे तो उसे देखकर पर्वतराज और उनके परिजन अचंभित हो गए लेकिन माता पार्वती खुशी से भोलेनाथ को पति के रूप में स्वीकार कर लीं। विवाह प्रसंग के दौरान शिव-पार्वती की झांकी पर श्रद्धालुओं ने पुष्प बरसाए। शिव-पार्वती विवाह में श्रद्धालु झूमकर विवाह गीत गाने लगे। कथा विश्राम के बाद आरती उतारकर प्रसाद वितरित किया गया। इसके पूर्व यज्ञाचार्य द्वारा यज्ञ मंडप में स्थापित विभिन्न देवी-देवताओं के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई।

# प्रथम आचार्य पद पदारोहण महोत्सव मनाया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दिगंबर जैन धर्मशाला में विराजमान निर्यापक मुनि श्री अभय सागर जी महाराज के ससंघ मंगल सानिध्य में पट्टाचार्य समय सागर जी महाराज का प्रथम आचार्य पद पदारोहण महोत्सव अति उत्साह पूर्वक ब्रह्मचारी अंकित भैया के निर्देशन में मनाया गया। दिगंबर जैन धर्मशाला में प्रातः काल मुनि संघ के मंगल सानिध्य में श्रीजी का सामूहिक महा अभिषेक एवं शांतिधारा संपन्न हुई इंद्र बनाकर प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य आनंद लैब डॉक्टर गौरव नायक आनंद बीएसएनल ग्रीस इटोरिया रूपचंद जैन परिवार को प्राप्त हुआ जबकि शांति धारा करने का सौभाग्य सुनीता जैन अशोक कमर्शियल श्रेयांश लहरी गिरीश नायक सचिइंद्र जैन जिनेंद्र मंडला एवं संजीव शाकाहारी के परिवार को प्राप्त हुआ इसके पश्चात आचार्य छत्तीशी मंडल विधान संपन्न हुआ विधान उपरांत मुनि श्री के मंगल प्रवचन के पूर्व अभय बनगांव संतोष सिंघई एवं तहसीलदार मोहित जैन ने शास्त्र भेंट किया दिगंबर जैन पंचायत महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति जैन मिलन नगर शाखा एवं नन्हे मंदिर कमेटी के पदाधिकारी ने महावीर जयंती हेतु मुनि संघ को श्रीफल अर्पित किए इस मौके पर मुनि श्री चंद्र सागर जी महाराज ने अपने मंगल प्रवचनों में कहा कि आत्मा मैं सम्यक दर्शन ज्ञान और चरित्र के रूप में तीन रत्न होते हैं जो इन्हें जान लेता है उसे संसार में रूलना नहीं पड़ता वह संसार से पार हो जाता है गुरुदेव हमें संसार से पार लगाते हैं गुरुदेव ने हम पर बहुत उपकार किए हैं उनके उपकारों को कभी नहीं भुलाया जा सकता गुरुदेव ने हमें आचार्य समय सागर जी के रूप में साधु परमेष्ठी उपाध्याय परमेष्ठी और आचार्य परमेष्ठी प्रदान किए हैं। इसके पश्चात निर्यापक मुनि श्री अभय सागर जी महाराज ने कहा कि गुरुदेव ने संलेखना पूर्वक अपने आचार्य पद को त्याग कर हमें समय सागर जी महाराज के रूप में आचार्य परमेष्ठी देने के संकेत बहुत पूर्व में ही दे दिए थे आचार्य भगवान ने अपनी आध्यात्मिक यात्रा राजस्थान की मरुभूमि से प्रारंभ करके बुंदेलखंड की इस उर्वरा भूमि में अनेक रतन को प्रदान किया जिनकी चमक से आज मानव मात्र आध्यात्मिक ऊर्जा को प्राप्त कर रहा है उन्होंने अपने जीवन काल में 508 दीक्षाएं प्रदान की दीक्षाएं ज्ञान वैराग्य की पुष्टि कर कर्मों की निर्जरा में सहायक होती है बड़े बाबा की सन्निधि में आचार्य श्री ने अनेक दीक्षाएं दी और उनके ही छत्रछाया में नवाचार पूज्य समय सागर जी महाराज को हम सभी साधुगण ने उच्च शासन पर विराजमान किया हम पर उनकी छत्रछाया बनी रहे और इसी तरह जिन शासन उन्नति को प्राप्त होता रहे यही हम सब की भावना है। शाम को निर्यापक मुनि श्री अभय सागर जी का संघ सहित पथरिया की और विहार हो गया।

### महावीर जयंती पर होंगे विविध धार्मिक आयोजन

**दमोह** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव पर महोत्सव आयोजन समिति के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन निर्यापक मुनि श्री अभय सागर जी महाराज के ससंघ मंगल सानिध्य में अति उत्साह पूर्वक किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के प्रवक्ता सुनील वेजीटेरियन ने प्रदान करते हुए बताया कि महोत्सव के आयोजन हेतु दिगंबर जैन पंचायत के द्वारा भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति का गठन किया है जिसका संयोजक महेश दिगंबर को मनोनीत किया गया है जिनके नेतृत्व में विभिन्न समितियां कार्यक्रम की तैयारी में जुटी है पूरे आयोजन को सात दिवसीय बनाया गया है 5 से 12 अप्रैल तक कार्यक्रम रखे गए हैं 5 अप्रैल को गौशाला में गोग्रास एवं चित्रकला प्रतियोगिता 6 अप्रैल को व्यंजन मेला 7 अप्रैल को भोजन वितरण एवं सम्मान समारोह 8 अप्रैल को स्वास्थ्य शिविर एवं साइ काल अहिंसा रैली 9 अप्रैल को पाठशाला का सांस्कृतिक कार्यक्रम 10 अप्रैल को श्री जी की भव्य शोभा यात्रा तथा निर्यापक श्री के मंगल प्रवचन और 12 अप्रैल को हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष सुधीर सिंघई ने सभी श्रद्धालुगनों से महोत्सव में सम्मिलित होने की अपील की है।

# छात्र-छात्राओं को पौष्टिक आहार के बारे में दी जानकारी



**दमोह।** टाईम्स पब्लिक स्कूल में विद्यालय की ओर से दिनांक 05 अप्रैल 2025 दिन-शनिवार को किंडर गार्डन के छात्र-छात्राओं को पौष्टिक आहार के बारे जानकारी दी गई व पौष्टिक आहार प्रदान किया गया। इस उपलक्ष्य में संस्था की ओर से विद्यालय के संचालक महोदय सुशील गुप्ता एवं श्रीमति सुनीता गुप्ता के द्वारा छात्रों को पौष्टिक आहार कराया गया। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को पौष्टिक आहार के प्रति जागरुक करना है। जिससे छात्रों को पोषण का महत्व समझ में आ सके और वे बचपन से ही इसके महत्व को समझ सके। और बाहर के फास्ट फूड एवं जंक फूड से बचें। कार्यक्रम को सफल बनानें में समस्त शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

### गुड टच, बैड टच जागरुकता

टाईम्स पब्लिक स्कूल में शाला के प्राचार्य अजय मिश्रा के मार्गदर्शन में किंडर गार्डन के छात्रों के लिए जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों को गुड टच, बैड टच के बारें मे बताया गया। किंडर गार्डन के छात्र छात्राओं को बताया कि बच्चों टच करने से पहले बहुत सी सावधानियाँ बरतनी चाहिए। साथ ही बताया गया कि माता पिता को अपने बच्चों से इस सब के बारे में खुलकर बात करनी चाहिए। उनके संकोच करने से बच्चे गलत स्पर्श का शिकार होते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में किंडर गार्डन के समस्त शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

### जवारे विसर्जन के संबंध में आवश्यक व्यवस्थाएँ की जायें- कलेक्टर

**दमोह।** जवारे विसर्जन को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु शांति समिति बैठक के विस्तृत मिनट्स एवं आदेश जारी किए जा चुके हैं। इस संबंध में कलेक्टर श्री कोचर ने कहा है, संपूर्ण जिले के विसर्जन स्थलों पर निर्देशानुसार सभी व्यवस्थाएँ समय पर की जायें। पूर्व में जवारे विसर्जन 07 अप्रैल 2025 को होने की जानकारी प्राप्त हुई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ स्थानों पर जवारे विसर्जन 06 अप्रैल 2025 को संपन्न होने की संभावना है। उन्होनें ने कहा जवारे विसर्जन 06 एवं 07 अप्रैल 2025 को संपन्न होगें, पूर्व में शांति समिति बैठक के मिनट्स एवं कार्यालयीन आदेशों में दिए गए निर्देशों के अनुसार जवारे विसर्जन से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ अब दोनों दिन (06 एवं 07 अप्रैल 2025) को सुनिश्चित की जाएँ।

### रामनवमीं उत्सव आजः रामभक्त बोले उत्साह पूर्वक सेलिब्रेट करेंगे श्रीराम जन्मोत्सव प्रभु श्रीराम हमारे ईष्टदेव

# युवाओं के आदर्श हैं भगवान श्रीराम, देते हैं त्याग और प्रेम की शिक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा


भगवान विष्णु के 7 वें अवतार माने गए श्रीराम हमारे इतिहास के सबसे आदर्श पुरुषों में गिने जाते हैं पुराणों में उन्हें श्रेष्ठ राजा बताया गया है। उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा गया है भगवान राम ने सत्य, धर्म, दया और मर्यादाओं पर चलते हुए राज किया हमारी संस्कृति और सदाचार की जब भी बात होती है तो श्रीराम का नाम लिया जाता है। ये बात श्रीराम को अपना आदर्श मानने वाले भक्तों ने कहीं लोगों का कहना है कि चैत्र नवरात्र की नवमीं को श्रीराम नवमी के रुप में मनाया जाता है। इस तिथि को भगवान श्रीराम का प्राकट्योत्सव हुआ था हर साल वह राम नवमीं को धूमधाम एवं उत्साह पूर्वक मनाते हैं। आज भी भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा इसके लिए तैयारियां कर ली गई है। भगवान श्रीराम को सभी मानते हैं, लेकिन उनके जीवन से प्रेरणा कोई नहीं लेना चाहता है। यूथ का कहना है कि सांसारिक जीवन में आगे बढने, नाम कमाने अर्थात ख्याति, यश, कीर्ति के लिए सदुणों और अच्छे कार्यों की बड़ी भूमिका होती है, क्योंकि गुण ही किसी भी इंसान को असाधारण और विलक्षण प्रतिभा का स्वामी बना देते हैं। इंसान को अपने जीवन में सफल होने के लिए किन खास गुणों पर ध्यान चाहिए ये रामायण में रामजी के चरित्र के माध्यम से बताया गया है श्रीराम भक्त भूपेंद्र सोनी ने बताया कि सोमवार को तेन्दूखेड़ा नगर में भव्य रामनवमी पर्व मनाया जाएगा जहां नगर में भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाली जाएगी।

मनोज बेन बताते हैं कि रामायण में बताई गई बातों से जीवन को सरल व सहज रूप देकर उसे जीना सीख जाता है। रामचरित मानस से ऐसी ही सीख मिलती है।
**मनोज बेन तेन्दूखेड़ा**

दीपक विश्वकर्मा कहते हैं कि रामचरित का मानस सनातन धर्म में बहुत अधिक महत्व है। रामायण का अनुसरण करने से लक्ष्य को पाना आसान हो जाता है।
**दीपक विश्वकर्मा तेन्दूखेड़ा**

नीरज चौबे कहते हैं कि रामायण जीवन के हर लक्ष्य को पूरा करने में मदद और सहयोग करती है क्योंकि इसमें जीवन को जीने की सीख है।
**नीरज चौबे तेन्दूखेड़ा**

पत्रकार विशाल रजक कहते है कि तुलसीदास जी ने रामचरित मानस में भगवान राम के जीवन का वर्णन करते हुए बताया है कि श्रीराम प्रातः



अपने माता-पिता के चरण स्पर्श करते थे, जबकि आज चरण स्पर्श तो दूर बच्चे माता-पिता की बात तक नहीं मानते हैं। श्रीराम का पूरा जीवन प्रेरणा से भरा हुआ है। प्रभु को मानने के साथ ही उनके आदर्शों को मानने से ही जीवन सफल होगा।-
**विशाल रजक तेन्दूखेड़ा**

भागीरथ रजक कहते हैं कि प्रभु श्रीराम स्वयं ईश्वर का स्वरूप थे



बावजूद इसके उन्होंने अपना स्वाभाव नहीं तजा समुद्र लांघने के लिए प्रार्थना की, सेतु बनाया, रावण के नाश के लिए वानरों आदि की सहायता ली यही सज्जनता, सरल स्वाभाव राम के प्रति श्रद्धा पैदा करता है। वे चाहते तो एक इशारे पर कुछ भी कर सकते थे लेकिन राम ने ऐसा नहीं किया।
**भागीरथ रजक तेंदूखेड़ा**

आकाश साहू कहते हैं कि बाल्मीकि रामायण में श्रीराम के ऐसे सोलह



गुण बताए गए हैं, जो लोगों में नेतृत्व क्षमता बढ़ाने व किसी भी क्षेत्र में अगुवाई करने के अहम सूत्र है श्रीराम और उनके आदर्श आज के समय में सामाजिक उत्थान का कारण हो सकते हैं। उनकी शिक्षाएं तो अनंत हैं और हर आयाम में हमें प्रेरित करती है।
**आकाश साहू तेन्दूखेड़ा**




राहुल लोधी ठाकुर कहते हैं कि भगवान राम के बारे में जो जानते हैं। वह उनसे एक नहीं हजारों सीख ले सकता है श्रीरामायण को सुनने के बाद से ही भगवान राम को ही अपना आदर्श मानता हूं । साथ ही कोशिश करता हूं कि हर कार्य उन्हीं की तरह सीमाओं में रहकर करूं साथ ही वचनबद्ध रहूं। निश्चित ही भगवान राम के त्याग और न कठिन डगर को चुनने वाले निर्णय बहुत शिक्षा देते हैं। राहुल लोधी ठाकुर, तेन्दूखेड़ा



गोपाल उपाध्याय कहते हैं कि भगवान राम, लक्ष्मण, भरत और उनके परिजनों ने परिवार धर्म को कैसे निभाना है बहुत अच्छे से सिखाया है। जहां भगवान राम एक आदेश पर 14 वर्ष के वनवास पर निकलने राजपाट छोड़ देते हैं। वहीं छोटे भाई लक्ष्मण की बड़ेभाई राम के प्रति निष्ठा परिवार धर्म को दर्शाती है। इतना ही बड़ेभाई भरत का त्याग भी भुलाया नहीं जा सकता है। युवाओं को चाहिए कि रामराज्य के लिए रामराज्य को दोहराना होगा। - गोपाल उपाध्याय तेन्दूखेड़ा



विदित तोमर कहते हैं कि हमने भगवान श्रीकृष्ण का जन्म धरती पर पढ़ा, लेकिन भगवान राम ने कैसे आम लोगों की तरह जीवन व्यतीत किया, यह पढ़कर और इसके रूपांतरित दृश्यों को देखकर आंखें नम हो जाती हैं। रामायण के हर एक शब्द से हमें प्रेरणा मिलती हैं। हम भागदौड़ भरी जिंदगी में थोड़े से कष्ट मिलने पर घबरा जाते हैं, लेकिन भगवान राम ने जीवन में क्या-क्या सहा, यह नहीं सोचते हैं। - **विदित तोमर तेन्दूखेड़ा**



रामेश्वर साहू कहते हैं कि भगवान राम का नाम लेने से ही साहस बढ़ जाता है हमने रामायण में देखा है कि कैसे भगवान राम ने वानरों का हौसला बढ़ाया और उनके साथ श्रीलंका के महान राजा रावण के अहंकार को चूर-चूर कर दिया था। भगवान राम की भक्ति में अटूट शक्ति है। मुझे जब ही कुछ लगता है भगवान राम को याद करता हूं। इससे बहुत साहस मिलता है। **रामेश्वर साहू तेन्दूखेड़ा**

# चंडी मंदिर में हुआ दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन

**हटा।** शक्ति की भक्ति के महापर्व चैत्र नवरात्र पर उपकाशी में लोग दान पुण्य कर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं इसी श्रंखला में नवरात्रि की अष्टमी पर नगर के वरिष्ठ समाजसेवी बजाज एजेंसी के संचालक पंडित ओमप्रकाश गर्ग द्वारा अपने पूज्य पिताजी स्वर्गीय पंडित श्री रामचरण गर्ग एवं बड़े भाई स्वर्गीय पंडित श्री विजय गर्ग की चौथी पुण्यतिथि पर मां चंडी जी मंदिर में दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन किया गया जहां उनके परिजनों इष्ट मित्रों व माता के भक्तों ने पहुंचकर मां की आराधना कर क्षेत्र में खुशहाली बनायें रखने के साथ सभी के स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान पंडित ओम प्रकाश गर्ग, सौरभ, कार्तिकेय, अमन, बृजेश द्वारा मंदिर प्रांगण में कन्या भोज के साथ प्रसाद वितरण किया।

### ईव्हीएम वेयर हाऊस का किया मासिक निरीक्षण



**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने आज ईव्हीएम मशीनों के नवीन वेयर हाऊस का मासिक निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री कोचर ने मासिक निरीक्षण एवं त्रैमासिक निरीक्षण की कार्यवाही के संबंध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि कोमल अहिरवार, एड. रामलाल उपाध्याय, बीरेन्द्र ठाकुर, ईव्हीएम वेयर हाऊस इंचार्ज सहायक कोषालय अधिकारी ज्ञानेश्वर मांडवी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

### कृषि उपज मंडी में आए ट्रैक्टर ट्रालियों पर रिफ्लेक्टर लगाए

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवं पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी दलबीर सिंह मार्को और उनकी टीम ने कृषि उपज मंडी में आए ट्रैक्टर ट्रालियों पर रिफ्लेक्टर लगाए। उन्होंने किसानों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।

### महावीर जन्मोत्सव समिति 6 दिवसीय कार्यक्रम का आगाज

**दमोह।** महावीर जन्मोत्सव समिति 6 दिवसीय कार्यक्रम का आगाज श्री महावीर जयंती 2652 श्री बड़े बाबा आचार्य विद्यासागर दयोदय गौशाला दमोह से प्रारंभ हुआ बड़ी संख्या में यहां पर सभी जैन संस्थाए, महिला संगठन, पंचायत, बच्चे वरिष्ठजनों की उपस्थिति रहीं। बच्चे अपनी गौशाला और मूक बधिर पशुओं से संबंधित चित्रकला लेकर गौशाला पहुंचे गायों पर बनी चित्र कालापन समाज के सभी की ओर से बच्चों की सराहना की गई एवं नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा भजन गायन का प्रस्तुत किये इसके पश्चात गायों को दलिया, खीर, सब्जी, रोटी, चारा, आदि का वितरण किया गया जिसमें सकल समाज के द्वारा अपनी सहभागिता प्रदान की गई। गौशाला अध्यक्ष नरेंद्र शक्ति, सौरभ लहरी ,सौरभ जैन अरिहंत ,ज्ञानेंद्र इटोरिया, मंटू लहरी, राजेश सिंघई, सुधीर जैन, नीरज जैन, अंकुश जैन बनवार,सोनू सिघंई, सचिन जैन,अनुराग बजाज, महेश जैन दिगंबर, पदम जैन खली, दिलेश चौधरी, मुकेश जैन सत्येंद्र जैन अरुण जैन, अशोक जैन राजेश हिनौती, शैलेंद्र मयूर, मोहित जैन, श्रीमती शुभ्रा जैन, रीना जैन आदि लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थित रही।

### 66 पेटी व 698 पेटी शराब जब्त , पटेरा थाना में प्रकरण दर्ज

# संगठन कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन रंग लाया, बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त

### नव ठेकेदार व आबकारी विभाग की मिली भगत चर्चित

### कार्यकर्ताओं की शिकायत पर दुकान बी से 1055 पेटी शराब जब्त कर आबकारी विभाग दमोह ले गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पटेरा

भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं व महिला शाखा के चार अप्रैल से चौबीस घंटे के प्रदर्शन ने धूम मचा दी। संगठन की पहल पर 66 पेटी शराब जब्त कर पटेरा पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत प्रकरर्ण दर्ज किया है। 4 अप्रैल की रात्रि में शराब से लोडेड ट्रक को भी कार्यकर्ताओं ने पकड़ लिया व उसमें रखी शराब को उतार कर जानकारी चाही व कागज न होने पर प्रकरण दर्ज करने की मांग की। जब कोई कार्यवाही नहीं हुई तो धरना प्रदर्शन व नारेबाजी शुरू कर



दी। प्रशासन व पुलिस ने अधिकारी पटेरा दौरे व कोई रास्ता न होने पर उक्त ट्रक को पुलिस थाना में ले जा कर एफ आई आर दर्ज करने की बात कही। हालांकि पेटी छांटने व गिरनी में समाचार भेजे जाने तक कितनी राशि की शराब पकडी गई यह स्पष्ट नहीं हो पाया था। कोई भी यह नही बता पर रहा है कि शराब वैध भी या अवैध।

संगठन के कार्यकर्ताओं ने दमोह मार्ग पर स्थित बी शराब दुकान पर स्टाक का निरीक्षण कराया तो 1055 पेटी शराब निर्धारित कोटे से अधिक पाई गई जिसे लेकर आबकारी विभाग ने जब्ती की कार्यवाही दमोह में करने की बात कही। व पूरी शराब वाहन में लोड कर दमोह ले गये। इस तरह 1800 पेटी शराब जब्ती की कार्यवाही की गई। संगठन कार्यकर्ताओं का पटेरा क्षेत्र में यह प्रथम ऐसा प्रदर्शन रहा जो इस क्षेत्र के लिये चर्चाओं में है। वहीं इस मामले जिला प्रशासन के अधिकारी क्या रूख अख्तियार करते है कि इस प्रकार अवैध शराब का गोरख धंधा क्या है।

# फर्जी रेलवे कर्मी बनकर एसबीआई से लोन ठगने वाले गिरफ्तार

### कोर्ट ने जमानत याचिका की खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दमोह

भारतीय स्टेट बैंक शाखा हिंडोरिया से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर करोड़ों की धोखाधड़ी कर लोन प्राप्त करने वाले शातिर ठगों को कोर्ट से बड़ा झटका मिला है। अपर सत्र न्यायाधीश श्री संतोष कुमार गुप्ता की अदालत ने आरोपियों की जमानत याचिका को गंभीर अपराध बताते हुए सख्ती से खारिज कर दिया। म.प्र. शासन की ओर से शासकीय अभिभाषक श्री राजीव बद्री सिंह ठाकुर ने प्रभावशाली तर्कों के साथ पक्ष रखते हुए जमानत का विरोध किया।

**ऐसे हुआ था लाखों का फर्जीवाड़ा**

दिनांक 19 जुलाई 2023 को आरोपी राजू खान, दीनदयाल कौशल, लोकेश उर्फ आकाश सोनी और सुरेश नामदेव ने स्वयं को रेलवे विभाग का कर्मचारी बताकर SBI हिंडोरिया शाखा में पर्सनल लोन के लिए आवेदन किया। आरोपियों ने आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं रेलवे की फर्जी वेतन पर्चियां संलग्न कर 54 लाख रूपये से अधिक का लोन पास कराया। स्टेट बैंक शाखा हिंडोरिया द्वारा राजू खान को 14.63 लाख, दीनदयाल कौशल को 14.30 लाख, लोकेश सोनी को 10.83 लाख और सुरेश नामदेव को 14.50 रूपये लाख की राशि उनके खातों में स्थानांतरित की गई।

**सत्यापन में हुआ खुलासा**

कुछ समय तक लोन की किस्तें न चुकाने पर बैंक ने आरोपियों को नोटिस जारी किए। जांच में पाया गया कि दिए गए पते फर्जी हैं और आरोपी रेलवे कर्मचारी नहीं हैं। बैंक मैनेजर श्री हिमांशु अग्रवाल की शिकायत पर थाना हिंडोरिया में एफआईआर दर्ज कराई गई। पुलिस विवेचना में आरोपियों ने कबूल किया कि निखिल चोरे नामक युवक से कंप्यूटर के माध्यम से फर्जी दस्तावेज तैयार कराए गए थे। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया है।

**कोर्ट का सख्त रुख**

न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि यदि ऐसे आरोपियों को जमानत दी जाती है, तो इससे कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर बैंकिंग संस्थाओं से धोखाधड़ी करने वालों को बढ़ावा मिलेगा। यह अपराध न केवल व्यक्तिगत धोखाधड़ी है, बल्कि बैंकिंग व्यवस्था पर सीधा आघात है, जिससे समाज में अव्यवस्था फैल सकती है।शासकीय अभिभाषक श्री राजीव बद्री सिंह ठाकुर ने न्यायालय को यह स्पष्ट रूप से बताया कि यह सुनियोजित अपराध है, जिसमें न केवल बैंक बल्कि शासन की छवि भी प्रभावित हुई है। उनके कानूनी तर्कों एवं प्रस्तुत साक्ष्यों से संतुष्ट होकर न्यायालय ने जमानत याचिका खारिज कर दी।

## सत्येंद्र साहू की किताब 'ने करो' के छटवें संस्करण का भजन सम्राट अनूप जलोटा करेंगे विमोचन

**दमोह।** दमोह के सत्येंद्र साहू के द्वारा लिखित किताब ने करो' भजन सम्राट अनूप जलोटा आज विमोचन करेंगे। सत्येंद्र साहू ने बताया कि नकारात्मक से सकारात्मक विचारों को लिखकर अलख जगाने की कोशिश कर रहा हूं। कलम उठाकर फर्ज निभाने की कोशिश कर ने करो प्रथम संस्करण , एवं ₹ने करो₹ द्वितीय, ₹ने करो₹ 3 संस्करण, ₹ने करो₹4 संस्करण, ₹ने करो₹ 5 संस्करण प्रकाशित हों चुके है। ने करो छटवाँ संस्करण के लेखक सत्येंद्र साहू और डा नवीन सोनी दमोह के सौजन्य से प्रकाशित हुआ है आप सभी को जरुर पसंद आएगा।आप सभी के स्नेह आशीर्वाद से ₹ने करो₹ ₹ 7 संस्करण भी उत्साहवर्धन की प्रत्याशा में आप जैसे सुधी पाठकों को यह पुस्तक जल्द ही लिखूंगा। पुस्तकें लगभग किसी भी कल्पना योग्य विषय पर ज्ञान का एक विशाल संग्रह प्रदान करती हैं। ने करो 6 किताब का विमोचन पद्मश्री प्राप्त स्वर्गीय रविंद्र जैन अकादमी 1250 मार्केट के पास भोपाल में आज सुबह 11 बजे आर के शर्मा जी, पंडित आशीष दुबे के विशेष सहयोग से होगा।

## बाइक से मडियादो के आधार केंद्र पर पँहुचे नायब तहसीलदार




**दमोह।** मड़यिादो में संचालित आधार कार्ड केंद्र पर नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार पँहुचे। नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार बाइक से आधार कार्ड केंद्र पँहुचे। नायब तहसीलदार श्री चढ़ार ने आधार कार्ड केंद्र में सेंटर की आई डी, रिकार्ड आदि का अवलोकन किया। यंहा 0 से 18 वर्ष उम्र के लोगो के आधार कार्ड अपडेट कार्य होना पाया गया। नायब तहसीलदार ने ऑनलाइन रसीदे, रजिस्ट्रेशन आदि की जांच कर पँचनामा तैयार किया और मौके पर मौजूद आमजनों से चर्चा कर केंद्र संचालक द्वारा की जाने वाली राशि आदि की जानकारी ली। कार्यवाही के दौरान महेंद्र पटेल, विपिन तिवारी सहित राजस्व अमला एवं मड़यिादो पुलिस को भी मौके मौजूद रहे।

## अस्पताल चौराहे पर चार एंबुलेंस जब्त करने की हुई कार्यवाही



**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देश पर जिला परिवहन अधिकारी लगातार वाहनों की जांच कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी ने 04 एंबुलेंस अस्पताल चौराहे पर जब्त करने की कार्यवाही की हैं। उन्होंने बताया 01 एंबुलेंस को टेक्स बकाया और 03 एंबुलेंस का फिटनस ना होने के कारण जब्त किया गया हैं। परिवहन अधिकारी ने बताया एंबुलेंस से बकाया टेक्स और चालानी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा यह कार्यवाहियां आगे भी जारी रहेगी।

# तेंदूखेड़ा सीएचसी की एक्स-रे मशीन 6 माह से खराब

### मरीज हो रहे हैं परेशान, अधिकारी का नहीं ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूखेड़ा

मरीजों और घायलों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने को लेकर जिम्मेदार कितने फिक्रमंद हैं, इसका अंदाजा तेंदूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से लगाया जा सकता है। यहां पर पिछले 6 माह से भी ज्यादा समय से एक्स-रे मशीन बंद है। जिसे चालू कराने पर अस्पताल प्रबंधन का बिल्कुल ध्यान नहीं है। जबकि इस सीएचसी में हर दिन 200 से 250 मरीज इलाज कराने आते हैं। जब इन मरीजों को डॉक्टर एक्स-रे जांच कराने लिखते हैं तो बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गौर करने वाली बात ये हैं कि तेंदूखेड़ा क्षेत्र में हर दिन सड़क हादसे हो हो रहे हैं। इन हादसों में घायल हुए लोगों को इलाज के लिए



सीएचसी ही लाया जाता है। लेकिन एक्स-रे मशीन बंद होने से घायलों को नगर से 60 किमी दूर जबलपुर मेडिकल कॉलेज या फिर दमोह जिला अस्पताल रेफर कर दिया जाता है। जिससे मरीजों व घायलों

की परेशानी दोगुनी बढ़ जाती है या फिर प्राइवेट स्थानों पर मरीजों को एक्स रे कराना पड़ रहा है। बता दें कि सीएचसी तेंदूखेड़ा पर हजारों लोग निर्भर हैं। सैकड़ों गांव के लोग इलाज के लिए आते हैं। एक्स-रे नहीं होने से इलाज में दिक्कत हो रही है। स्थानीय लोगों ने कहा कि एक्स-रे मशीन की खराबी को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। दमोह जिला अस्पताल, तेंदूखेड़ा मुख्यालय से 55 किलोमीटर दूर होने के कारण लोगों को यात्रा में समय और धन दोनों का नुकसान होता है। साथ ही जबलपुर जिला भी 60 किलोमीटर दूर है। घायल और मरीज इन दोनों शहर पर

निर्भर है खासकर ग्रामीण इलाकों के लोग इस समस्या से सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं क्योंकि मरीज सीधे सीएचसी पहुंचते हैं और जब उन्हें पता चलता है कि एक्स-रे मशीन बंद है तो मुश्किल में पड़ जाते हैं। लोगों ने कहा कि तेंदूखेड़ा नगर की आबादी 50 हजार से अधिक है। साथ ही इस सीएचसी के भरोसे ब्लॉक के 500 से अधिक गांव आते है, फिर भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है

**इनका कहना है**

इस संबंध में सीबीएमओ तेंदूखेड़ा डॉ. आरआर बागरी का कहना है कि एक्सरे मशीन बंद है लेकिन यह जल्द ही शुरू हो जाएगी। इसके लिए पूर्व में पत्राचार किया गया था। बीते दिन टेक्निशियन ने मौके का विजिट भी किया है। मशीन के कुछ पार्ट्स खराब हो गए हैं। पार्ट्स को बदलकर मशीन शुरू कर दी गई थी लेकिन मशीन चलाने वाले टेक्निशियन की पत्नी के यहां प्रसव होने पर वह छुट्टी पर हैं। आठ माह से यह सुविधा प्रभावित है। एक्सरे मशीन फिर से शुरू की जाएगी।
डॉ आर आर बागरी
सीबीएमओ, तेन्दूखेड़ा

# राज्य मंत्री ने किया सामुदायिक भवनों का भूमि पूजन



**बनवार।** संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री और स्थानीय विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी ने जबेरा जनपद के ग्राम पंचायत विजय सागर घाना जलहरी में तीन सामुदायिक भवनों का भूमि पूजन किया। इन भवनों का निर्माण 15 और 25लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। भूमि पूजन समारोह को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि ग्रामवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा किया गया है। उन्होंने बताया कि पहले स्कूलों में शादी विवाह के लिए जगह मिल जाया करती थी, लेकिन अब सरकार की नई नीति के कारण स्कूल नहीं मिलते हैं इस कारण इन ग्रामों में सामुदायिक भवन बनने से ग्राम वासियों को सुविधा मिलेगी : सामुदायिक भवन ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा निकट भविष्य में मिलेगी मंडल अध्यक्ष जबेरा बंटी दुबे नहीं बताया राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के प्रयासों से ग्राम पंचायत विजय सागर घाना जलहरी के विकास की दिशा में सामुदायिक भवनों का भूमि पूजन महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे रवि शंकर बाजपेई सरपंच राहुल यादव विनोद मलैया राजेश सिंघई रानू नामदेव मूरत लोधी नीरज जायसवाल कालू मलैया अधिकारियों में तहसीलदार सोनम पांडे एसडीओ जल संसाधन विभाग राहुलजैन मनरेगा एसडीओ शिवजी गौंड उपयंत्री आरके वर्मा सचिव सुधीर श्रीवास्तव संजय राय सहित ग्राम वासियों की बड़ी संख्या में उपस्थित रही।

## सुरक्षा बीमा योजना के तहत 2 लाख रुपए की राशि हस्तांतरित की गई

**पथरिया।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सतपारा में पिछले महीनें हुई दुर्घटना में सतपारा निवासी ज्ञानी अहिरवार की मृत्यु हो गई थी। मृतक का प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना था जिसकी बीमित राशि 2 लाख रुपए उनके पुत्र बहादुर अहिरवार के खाते में भारतीय स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक पथरिया अमृत कुमार इक्का व सर्विस मैनेजर विजेंद्र मीणा द्वारा 5 अप्रैल 2025 को हस्तांतरित की गई।

### आदर्श और आराध्य है श्री राम : श्री भगवान

**दमोह।** शहर के सवा लाख मानस पाठ साकेत धाम आश्रम में आज राम नवमी के पावन पर्व पर आयोजन होगा। साकेत धाम के महंत श्री श्री भगवान वेदांताचार्य रसिक जी ने बताया कि यथार्थ से परिपक्व सनातन के सैधांतिक स्वरूप का रहस्य पर्वों के उल्लास में छुपा है जो परम्परागत धर्म मार्ग का सुरत योग है इस विधि से ईश्वर के परम प्रकाश को जान लेना सरल हैं। जिसमें सम्पूर्ण समाज मर्यादा और एकता की धारा में अपने देश का सांस्कृतिक पर्व मना रहा है। सदियों से इस अवधारणा में राम प्रगट होकर हमें जीवन के नैतिक मूल्यों पर चलना सिखा रहे है, जो आदि से अन्त की यात्रा का माध्यम है। भारतीय समाज में जहां राम एक आदर्श है उसी जगह आराध्य रूप में भी पूजे जाते है तो प्रश्न यह है कि राम राजा हो कर पूजनीय होने तक भारतीय जन मानुष की रग में कैसे बसने लगे , बहुत शोध के बाद पता चला किरण की लीला जो सत्य और समाज की परिपाटी को अंगीकृत किए है क्योंकि राम सामाजिक वेदना का आधार बन चुके थे जिसमें जीव के आनंद का स्वरूप समाजिक सेवा में निहित कर के गए। इसलिए वे सर्वत्र त्रिकाल में पूजनीय हो गए। श्री भगवान जी ने बताया कि मंगलोत्सव अपने 54वें वर्ष में प्रवेश करेगा। महामंगल सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजन होगा।

## थैलेसिमिया पीड़ति बच्चे को सीएचसी पथरिया से रेफर किये गये बच्चे के परिजन ने किया रक्तदान

**दमोह।** जिला चिकित्सालय दमोह में आज मानवीय संवेदना का अनूठा उदाहरण देखने को मिला, जब एबी पॉजिटिब ब्लड ग्रुप के 9 माह के थैलेसिमिया पीड़ति बच्चे को, आपसी सामंजस्य से पथरिया से ही ब्लड आपूर्ति के लिए रेफर किये गये अन्य सीवियर एनीमिक बच्ची के परिजन ने थैलेसिमिया पीड़ति बच्चे को रक्तदान किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया के सी.बी.एम.ओ. डॉ. जतिन दुबे को ग्राम किन्द्रहो की एक बच्ची देवकी उम्र 2 वर्ष 6 माह माता श्रीमति रामकनकी पिता गोविंद आदिवासी में सीवियर एनीमिक होने की सूचना ग्राम की सीएचओ से मिलने पर ग्राम किन्द्रहो पहुँचे। बच्ची का स्वास्थ्य परीक्षण किया। ब्लड सैम्पल कलेक्ट कर सैम्पल की जांच सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया के लैब में कराई। बच्ची सीवियर एनिमिक पाई गई, डॉ. दुबे ने बच्ची में गंभीर रक्ताल्पता के संबंध में परिजनों को बताया। जिला चिकित्सालय में ब्लड ट्रांसफ्युजन कराने की समझाईश दी। परिजनों की सहमति उपरांत ग्राम की आशा कार्यकर्ता कमला पटेल 108 एम्बुलेस के माध्यम से आज जिला चिकित्सालय लेकर पहुँची। जहाँ रेफर किये गये बच्ची के चाचा छोटू आदिवासी ने एबी पॉजिटिव ब्लड ग्रुप की आवश्यकता वाले थैलेसिमिया पीड़ति बच्चे को रक्तदान किया। वहीं बच्ची को जिला अस्पताल के ब्लड बैंक इकाई से निःशुल्क बी पॉजिटिव ब्लड चढ़ाया गया।

# ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी से नरवाई में लगी आग

### तेजी से बढ़ रही आग बस्ती तक पहुंचती इससे पहले किसानों ने बखर कर रोका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिग्रामपुर

जर्जर बिजली लाइन में शॉर्ट सर्किटऔर खेतों के पास रखे ट्रांसफार्मर से निकली चिंगार से आग लगने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। दरअसल ग्राम पंचायत राम सलैया के गांव कुआं मानगढ़ में ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी से नरवाई में लगी आग 56 एकड़ में फैल गई देखते ही देखते यह आग नरवाई से होते हुए कुआं मानगढ़ की बस्ती तक पहुंचा है। राहत की बात रही खेतों में खड़ी फसल कटाई के बाद नरवाई में आग लगी थी लेकिन नरवाई की आग से किसान वीरेंद्र पिता भोला प्रधान का कच्चा मकान तक पहुंच गई और शौचालय में आग लग गई। एक किसान के खेत में खड़ी फसल तक पहुंचने के पहले ही आग पर काबू पा लिया गया। नरवाई में लगी आग से हालत यह बन गए थे आग लगभग बस्ती तक पहुंच गई थी। अच्छी बात यह हुई कि पूरे गांव के लोगों ने एकजुट होकर आग को काबू करने की कोशिश की। पानी के टैंकर और लोग ट्रैक्टर लेकर खेतों में पहुंच गए। उन्होंने आग के पास जुताई करके उसे आगे बढ़ने से रोका। इस दौरान एक बार फिर फायर ब्रिगेड जबेरा जनपद मुख्यालय पर नहीं होने की बजह पर समय पर न पहुंचना चर्चा में रहा जब आग पर काबू पा लिया गया तो मझौली से दमकल वाहन पहुंच गया और आग को पूरी तरह से बुझाने के लिए खेतों में पानी की बौछार करते हुए दिखाई दिया। नरवाई में आग की सूचना मिलते ही ग्राम पंचायत सचिव राकेश और हल्का पटवारी चंद्र मोहन शर्मा ने घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। हल्का पटवारी चंद्र मोहन शर्मा ने बताया ग्राम पंचायत राम सलैया के गांव कुआं मानगढ़ में ट्रांसफार्मर एवं जर्जर बिजली लाइन से निकली चिंगारी से नरवाई में आग लग गई। आग देखते ही देखते 56 एकड़ खेतिहर भूमि की नरवाई फेल है। हालत यह बन गए थे कि आग बस्ती तक पहुंच गई थी लेकिन ग्रामीणों ने एक जुटता दिखाते हुए ट्रैक्टरों से खेतों की जुताई करके आग को रोका गया। पानी के टैंकर से आग बुझाई गई नरवाई में लगी आग की सूचना जबेरा तहसीलदार को दी गई थी। उनके द्वारा तेंदूखेड़ा दमकल वाहन को सूचना दी गई लेकिन दमकल वाहन आने में देरी देखते हुए मझौली दमकल वाहन को भी बुलाया गया था। लेकिन दमकल वाहन पहुंचने केपहले ही ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास से आग पर काबू पा लिया गया था। बड़ा हादसा टल गया था। नरवाई की आग से कोई नुकसान नहीं हुआ। एक किसान के खेत बने कच्चे मकान को आग ने चपेट में ले लिया था। लेकिन ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है। आग बाहर बने शौचालय तक ही पहुंच पाई थी और एक किसान के खेत में खड़ी फसल तक आग नहीं पहुंच पाई थी। अच्छी बात यह रही कि आग फसल कटाई के बाद आग नरवाई में लगी थी।

**नाम संशोधन सूचना**

शपथकर्ता रामप्रताप कुर्मी पिता श्री घनश्याम कुर्मी निवासी ग्राम बोतराई तहसील पथरिया ने शपथ पूर्वक कथन किया है कि मै सिग्नल रिकार्ड आफिस जबलपुर में सिग्नल मैन के पद से सेवानिवृत हो चुका हूं। मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पुत्रियों के नाम ज्योति, साक्षी तथा शिखा दर्ज है जो कि अपूर्ण है। मेरी पुत्रियों के शैक्षणिक एवं अन्य सभी दस्तावेजों में मेरी पुत्रियों के नाम ज्योति कुर्मी, साक्षी कुर्मी तथा शिखा कुर्मी दर्ज है जो सही है व मै अपने सर्विस रिकार्ड में भी यही नाम दर्ज कराना चाहता हूं। अतः उपरोक्तानुसार नाम दर्ज हो।

शपथकर्ता

रामप्रताप कुर्मी निवासी ग्राम बोतराई तहसील पथरिया जिला दमोह